SWATANTRA BHARAT PAGE 2

शिक्षक बंद गले का काला कोट, छात्र पहनेंगे कुर्ता पायजामा

-एलयू में दीक्षांत समारोह की तैयारियां हुई तेज

-मेहमानों और मेडल के लिए चयनित छात्रों का ड्रेस कोड तय

-दीक्षांत की तैयारियों को देखते हुए रविवार को भी खुलेगा विश्वविद्यालय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 26 नवम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गईं। रविवार को भी कर्मचारियों को तैयारी पूरी करने के लिए आना होगा। दीक्षांत समारोह में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों के साथ ही शामिल होने वाले अतिथि किस परिधान में होंगे ये तय कर दिया गया है। मंच पर शामिल होने वाली विभूतियों में कुलाधिपति क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड महरून जरदोजी, कुलपति गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी, मुख्य अतिथि डल ऑरेंज सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी, मानद उपाधि पाने वाले नेवी ब्लू सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी एवं कुलसचिव हरे कपड़ों पर गोल्ड जरदोजी परिधान धारण करेंगे। छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पायजामा, काला जूता, क्रीम कलर सॉटन पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर की एवं महरून रंग की भीतर बार्डर पट्टी पहनेंगे। छात्राओं को महरून साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ या महरून कुर्ता चुन्नी-हिजाब क्रीम चूड़ीदार के साथ पहनना होगी। पुरुष शिक्षक बंद गले का काला कोट पैंट एवं काले जूते,

महिला शिक्षिका क्रीम साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ पहनेंगी। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में पीएचडी एवं डी.लिट उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 25 नवम्बर तक कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या पांच एवं छह से परिधान वितरण किए जाएंगे। अंगवस्त्र के लिए 350 रुपए निर्धारित है, कुर्ता पायजामा के लिए 450 रुपए निर्धारित है, कुर्ता पायजामा के लिए 450 रुपए कैशियर कार्यालय में जमा करने होंगे। दीक्षांत समारोह के बाद 27 नवम्बर सुबह 11 बजे तक परिधान लौटाने होंगे। जमा शुल्क में साठ रुपए अंगवस्त्र एवं 90 रुपए परिधान के काटकर बची हुई राशि वापस कर दी जाएगी। दीक्षांत समारोह के मंच पर 15 मेडल मेधावियों को मंच पर दिए जाएंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में चांसलर गोल्ड मेडल स्वाती सिंह, डा. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल देवधर दूबे, चांसलर सिल्वर मेडल लवि शुक्ला का नाम जारी कर चुका है। शनिवार को 12 अन्य मेडल के लिए मेधावियों के नाम जारी किए गए। वाइस चांसलर गोल्ड मेडल मीतेन्द्र श्रीवास्तव(बेस्ट एनसीसी कैडेट), चांसलर ब्रांज मेडल इकरा रिजवान वारसी (बेस्ट स्टूडेंट बीए अन्तिम वर्ष), अभिनव कुमार वर्मा (बेस्ट स्टूडेंट बीए अन्तिम वर्ष) , मो. अयूब अहमद (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी अन्तिम वर्ष), कुलदीप कुमार पटेल (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी अन्तिम वर्ष), दीक्षा मिश्रा (बेस्ट स्टूडेंट बीकॉम अन्तिम वर्ष), सुहानी कान्याल (बेस्ट स्टूडेंट अन्तिम वर्ष), विनय सिंह (बेस्ट स्टूडेंट बीएफए अन्तिम वर्ष), श्रद्धा पाण्डेय (बेस्ट स्टूडेंट अन्तिम वर्ष), पुनीत देशवाल (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी पांच वर्षीय) एवं प्रियंवदा शुक्ला (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी तीन वर्षीय) को मिलेगा। मंच पर सिर्फ इन्ही मेधावियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे।

AMRIT VICHAR PAGE 5

काले कोट में शिक्षक, कुर्ता पायजामे में दिखेंगे छात्र

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियों के साथ यूनिफॉर्म का भी निर्धारण कर दिया गया है। ऐसे में शिक्षक बंद गले के काले कोट में नजर आयेंगे तो वहीं छात्र कुर्ते और पायजामें में दिखायी पड़ेंगे।

26 नवंबर को होने वाले इस दीक्षांत समारोह के लिए विवि प्रशासन ने शनिवार को अभी तक हुई तैयारियों की समीक्षा की। तैयारियों में कोई कमी न रहे इसके लिए रविवार को भी विवि खोले जाने का निर्णय लिया गया है। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि समारोह में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों के साथ ही शामिल होने वाले अतिथि किस परिधान में होंगे ये तय कर दिया गया है। मंच पर शामिल होने वाली विभूतियों में कुलाधिपति क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड महरून जरदोजी, कुलपति गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी, मुख्य अतिथि डल ऑरेंज सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी, मानद उपाधि पाने वाले नेवी ब्लू सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी एवं कुलसचिव हरे कपड़ों पर गोल्ड जरदोजी परिधान धारण करेंगे। छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पायजामा, काला जूता, क्रीम कलर सॉटन पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर की एवं महरून रंग की भीतर बार्डर पट्टी पहनेंगे। छात्राओं को महरून साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ या महरून कुर्ता



तैयारी

- लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 26 को, तैयारियां तेज
- तैयारियों को देखते हुए आज भी खुलेगा विश्वविद्यालय

चुन्नी-हिजाब क्रीम चूड़ीदार के साथ पहननी होगी। पुरुष शिक्षक बंद गले का काला कोट पैंट एवं काले जूते, महिला शिक्षिका क्रीम साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ पहनेंगी।

25 नवंबर को सभी को वितरित होंगे परिधान

कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में पीएचडी एवं डी. लिट उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 25 नवम्बर तक कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या पांच एवं छह से परिधान वितरण किए जाएंगे। अंगवस्त्र के लिए 350 रुपए निर्धारित है, कुर्ता पायजामा के लिए 450 रुपए कैशियर कार्यालय में जमा करने होंगे।

इन्हें मिलेगा सिल्वर और ब्रांज मेडल

मंच पर 15 मेडल मेधावियों को दिए जाएंगे। चांसलर गोल्ड मेडल स्वाती सिंह, डा. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल देवधर दूबे, चांसलर सिल्वर मेडल लवि शुक्ला को दिया जाएगा। शनिवार को 12 अन्य मेडल के लिए मेधावियों के नाम जारी किए गए। वाइस चांसलर गोल्ड मेडल मीतेन्द्र श्रीवास्तव(बेस्ट एनसीसी कैडेट), चांसलर ब्रांज मेडल इकरा रिजवान वारसी (बेस्ट स्टूडेंट बीए अन्तिम वर्ष), अभिनव कुमार वर्मा (बेस्ट स्टूडेंट बीए अन्तिम वर्ष) , मो. अयूब अहमद (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी अन्तिम वर्ष), कुलदीप कुमार पटेल (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी अन्तिम वर्ष), दीक्षा मिश्रा (बेस्ट स्टूडेंट बीकॉम अन्तिम वर्ष), सुहानी कान्याल (बेस्ट स्टूडेंट अन्तिम वर्ष), विनय सिंह (बेस्ट स्टूडेंट बीएफए अन्तिम वर्ष), श्रद्धा पाण्डेय (बेस्ट स्टूडेंट अन्तिम वर्ष), पुनीत देशवाल (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी पांच वर्षीय) एवं प्रियंवदा शुक्ला (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी तीन वर्षीय) को मिलेगा।

नई शिक्षा नीति को लेकर कुलपति के निर्णय की सराहना

जुलाई 2020 में भारत सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा के साथ ही कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में इस शिक्षा नीति को पूर्णतया मूर्त रूप देने की शुरुआत की गई। कुलपति के इस निर्णय की जमकर सराहना हो रही है। विवि ने अपनी पूरी शिक्षा व्यवस्था को नई शिक्षा नीति के अनुरूप ढालने की प्रक्रिया रिकॉर्ड समय में संपन्न कर अकादमिक सत्र 2020- 21 से ही नए परास्नातक पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया था। साथ ही देशभर में नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रमों को बदलने वाला एलयू पहला विवि बना। परास्नातक पाठ्यक्रम में अंत : विषय अंतर विषय इंटर्नशिप थिसिस राइटिंग आदि 10 बिंदुओं के साथ नई शिक्षा नीति को पूरी तरह समावेशित किया गया।

विश्वविद्यालय कैंपस में कॉफी के साथ चर्चा करते छात्र-छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

पार्किंग को लेकर न झगड़ें प्रॉक्टर ने की अपील

विवि आने जाने वाले लोग परिसर के अंदर तक गाड़ी लेकर जाना चाहते है, लेकिन सुरक्षा में लगे गार्ड रोक देते है। इस बात से तिलमिलाहट में आये लोग गार्डों को ही नियम कानून समझाने लग जाते है। ऐसे में प्रॉक्टर ने एक बार फिर से अपील की है कि कैंपस का माहौल न बिगाड़े। जो निर्णय लिया गया है वह सबके हित में है।

खुशनुमा शाम और काफी चाय का स्वाद

शानदार इमरात के साथ 100 साल के इस पुराने शिक्षा केन्द्र में नये छात्र सेल्फी लेते हुए चाय-काफी पर चर्चा भी कर रहे हैं। शनिवार शाम छात्र प्रशांत, सचिन, प्रियंका यादव और दीपक कुमार ने बताया कि विवि में पढ़ने का अवसर मिला है यह खुशी की बात है। पढ़ाई को लेकर उन्होंने ग्रुप भी बनाया है, जिससे वह आपस में चर्चा भी कर सकें।

प्रवेश पाकर उत्साहित हैं छात्र

नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण करना शुरू कर दिया है। पहली बार प्रवेश पाये छात्रों में खुशी भी देखने को मिली रही है। उत्साह से सराबोर छात्र-छात्राओं ने बातचीत करते हुए कहा कि उन्हे बेहद खुशी हो रही है कि जिस लखनऊ विश्वविद्यालय ने पिछले 100 सालों में देश को एक से बढ़कर एक नेता, वैज्ञानिक, अधिकारी दिए हैं उसमें उनको पढ़ने का अवसर मिला है। छात्र अर्पित ने बताया कि उन्होने बीएससी में प्रवेश लिया है, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनको लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश मिल सकेगा, वहीं छात्रा अर्पिता तिवारी ने कहा कि यहां प्रवेश पाकर वह बेहद खुश हैं और वह मेहनत से अपनी पढ़ाई करेंगी।

छात्रवृत्ति के लिए जल्दी करें आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को समय से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए यह अंतिम अवसर है, ऐसे में आवेदन करते समय कोई त्रुटि न करें नहीं तो बाद में परेशानी हो सकती है। बता दें कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का विद्यार्थियों के पास 30 नवंबर तक का समय है। वहीं छात्रवृत्ति सेल के अधिकारियों का कहना है कि आवेदन में त्रुटियों में सुधार के लिए मिलने वाले मौके के सहारे न रहें, आवेदन करते समय ही सही—सही जानकारी भरें ताकि बाद में कोई दिक्कत न आए।

दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

पहली बार यहां स्थापित हुए दिव्यांग स्टॉल पर कॉफी और चाय का कुछ और ही मजा है। आईआईटी रूड़की में पढ़ाई कर विकास गुप्ता की पहल पर दिव्यांगों का भला हो रहा है। विकास स्वयं दिव्यांग है तो उन्होने सोचा क्यों न विकलांगो को आत्मनिर्भर बनाया जाये। इसी उद्देश्य से उन्होने एक महिला विकलांग का भला करते हुए विश्वविद्यालय में विकलांग टी स्टाल स्थापित कर छात्रों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। इससे उनमे विश्वास की भावना बढ़ेगी और उन्हे स्वरोजगार भी मिल सकेगा।

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय | 26 नवंबर को होगा समारोह, जारी की गई मेडल के लिए चुने हुए छात्र-छात्राओं की सूची, 10 विद्यार्थियों को दिया जाएगा चांसलर ब्रांज मेडल

दीक्षा समारोह के लिए 12 और मेडल के मेधावी चयनित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 26 नवंबर को होने वाले दीक्षा समारोह के लिए चांसलर, वाइस चांसलर और चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के बाद शनिवार को 12 और मेडल की सूची जारी कर दी। इनमें परास्नातक के सभी संकायों में श्रेष्ठ छात्रा होने और विश्वविद्यालय की बेस्ट वूमेन स्टूडेंट के लिए दो चांसलर सिल्वर मेडल छात्रा लवी शुक्ला को मिलेगा। 10 मेधावियों को चांसलर ब्रांज मेडल दिया जाएगा। इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी अपलोड की जा रही है। तीन मेडल की सूची जारी की जा चुकी है।

दीक्षा समारोह के लिए कुल 195 मेडल का चयन किया जाना है। इनमें मंच पर दिए जाने वाले 15 मेडल का चयन हो चुका है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बचे मेडल के चयनितों की सूची 23 से 24 नवंबर के बीच जारी कर आपत्तियां ली जाएंगी। समारोह के बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी।

लवी शुक्ला, दो चांसलर सिल्वर मेडल

सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्रों की डिग्री होगी पोस्ट: विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में 35 हजार डिग्रियां दी जाएंगी। इनमें मंच पर 15 डिग्री वितरित होंगी। विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की डिग्री घर पर डाक के जरिए भेजी जाएंगी। वहीं, कालेजों की डिग्रियां उनके पास भेजी जाएंगी।

एमएससी मैथ्स 93.7 फीसद अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के बाद अब दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रही हूं। लक्ष्य आइएएस बनना है। लवि से बीएससी में सर्वाधिक 79.16 फीसद अंक आए थे। उसके लिए गोल्ड मेडल मिला था। अब दो मेडल के लिए चयन हुआ है। मूल रूप से लखीमपुर खीरी की रहने वाली हूं। पापा संजय शुक्ला बिजनेसमैन हैं। मम्मी सरिता शुक्ला गृहणी हैं।

मेडल और चयनित मेधावी

- चांसलर सिल्वर मेडल : लवी शुक्ला-पीजी के सभी संकायों के विद्यार्थियों में बेस्ट छात्रा और विश्वविद्यालय की वेस्ट वूमेन स्टूडेंट।
- चांसलर ब्रांज मेडल : इकरा रिजवान वारसी, अभिनव कुमार वर्मा-बेस्ट स्टूडेंट इन बीए फाइनल इयर।
- चांसलर ब्रांज मेडल : मो. अय्यूब अहमद, कुलदीप कुमार पटेल- बेस्ट स्टूडेंट इन बीएससी फाइनल इयर।
- चांसलर ब्रांज मेडल : दिशा मिश्रा, सुहानी कान्याल-बेस्ट स्टूडेंट बीकाम फाइनल इयर
- चांसलर ब्रांज मेडल : संजय सिंह, श्रद्धा पांडेय-बेस्ट स्टूडेंट बीएफए फाइनल इयर
- चांसलर ब्रांज मेडल : पुनीत देशवाल -बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी पांच वर्षीय (9वां, 10वां सेमेस्टर)
- चांसलर ब्रांज मेडल : प्रियंवदा शुक्ला-बेस्ट स्टूडेंट इन एलएलबी तीन वर्षीय (5वां, छठा सेमेस्टर)

25 को दिए जाएंगे दीक्षा समारोह के परिधान

लखनऊ विश्वविद्यालय के 64वें दीक्षा समारोह के लिए शिक्षकों, अधिकारियों से लेकर छात्र-छात्राओं के परिधान का निर्धारण कर दिया गया है। शिक्षक और अधिकारी बंद गले का काला कोट, पैंट व जूता पहनेंगे। शिक्षिकाएं क्रीम सिल्क साड़ी (गोल्डन बार्डर सहित), क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनेंगी। शनिवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं।

जारी पत्र के अनुसार अंग वस्त्र एवं उपाधि प्राप्तकर्ताओं को कैशियर कार्यालय में शुल्क जमा करना होगा। 25 नवंबर से कुलानुशासक कार्यालय के पास स्थित कमरा नंबर पांच और छह से अंग वस्त्र और परिधान आवंटित किए जाएंगे। समारोह में छात्र महरून कुर्ता, चूड़ीदार (क्रीम) पैजामा, काला जूता और अंगवस्त्र क्रीम कलर का पहनेंगे वहीं, छात्राओं के लिए महरून साड़ी, गोल्डन बार्डर के साथ या महरून कुर्ता (चुन्नी/

हिजाब के साथ), सलवार (चूड़ीदार क्रीम कलर) और अंगवस्त्र क्रीम कलर, गोल्डेन बार्डर का होना चाहिए।

150 रुपये शुल्क काटकर वापस होगा बचा शुल्क: कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अंगवस्त्र के लिए 350 रुपये एवं कुर्ता पैजामा के लिए 450 रुपये कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा। इनमें 150 रुपये काटने के बाद बाकी पैसा वापस हो जाएगा। अंगवस्त्र एवं परिधान वापस करने के लिए 26 नवंबर को शाम पांच बजे तक और 28 नवंबर को दोपहर 11 से दोपहर तीन बजे तक का समय होगा। अंगवस्त्र वापस न करने वालों की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

दीक्षा समारोह में दो छात्रों को मिलेगा पीजी डिप्लोमा

दीक्षा समारोह में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शुरू हुए पीजी पाठ्यक्रम में दो छात्रों को डिप्लोमा प्रदान करेगा। इनमें बायोकेमिस्ट्री विभाग के छात्र मोहम्मद खालिद जमाली एवं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के मोहित पुनेठा शामिल हैं। विश्वविद्यालय का दावा है कि दोनों प्रदेश व देश के पहले छात्र बन गए हैं, जिन्होंने नई शिक्षा नीति की इस व्यवस्था का लाभ उठाते हुए एक वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने विभाग से पीजी डिप्लोमा की डिग्री ले रहे हैं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे पहले लवि ने वर्ष 2020-21 में पीजी स्तर पर नई शिक्षा नीति लागू की थी। व्यवस्था की गई कि यदि किसी कारणवश कोई छात्र एक वर्ष पूरा करने के बाद पढ़ाई छोड़ कुछ और करना चाहे तो उसके समय का सम्मान करते हुए एक वर्ष की शिक्षा के साथ उन्हें पीजी डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। इसी व्यवस्था का लाभ दोनों छात्रों ने उठाया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल पीजी डिप्लोमा का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करेंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में योग और फार्मेसी की पढ़ाई 22 से

इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज और फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग ने जारी की समय सारिणी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा इन योग, बैचलर आफ फार्मेसी (बीफार्मा) और डिप्लोमा इन फार्मेसी की पढ़ाई 22 नवंबर से शुरू होगी। शनिवार को विभाग ने कक्षाओं के लिए समय सारिणी जारी कर दी। विद्यार्थियों को भी मैसेज भेज दिया।

विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नए परिसर में इसी सत्र से बीफार्मा और डीफार्मा में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हुई है। इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल्स साईसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 100 सीटों के सापेक्ष 69 ने सत्यापन कराते हुए फीस जमा कर दी है वहीं, डीफार्मा में 60 के सापेक्ष 40 तक पहुंच गया है। इनकी कक्षाएं 22 नवंबर से शुरू कर दी जाएंगी। कक्षाओं का समय सुबह 9.30 बजे से रहेगा।

बीफार्मा में मिलेगा सीधा प्रवेश : बीफार्मा में एकेटीयू की ओर से दो राउंड की काउंसलिंग बाकी है। इसके बाद जो भी सीटें खाली रह जाएंगी, उन पर सीधे दाखिले लिए जाएंगे। 55 आवेदन आ चुके हैं। 22 नवंबर तक आनलाइन फार्म भरने का मौका है। आवेदनों की मेरिट तैयार कर 26 को जारी किया जाना प्रस्तावित है। डिप्लोमा इन फार्मेसी में 60 सीटों के सापेक्ष 40 ने फीस जमा कर दी चौथी मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों के पास 21 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका है। खाली सीटों पर 5वीं मेरिट जारी होगी। 60 सीटों पर प्रवेश लिए 230 अभ्यर्थी अर्ह पाए गए थे।

डिप्लोमा योग की कक्षाएं सुबह आठ बजे से : पीजी डिप्लोमा इन योग में 40 सीटों की अपेक्षा 26 छात्र-छात्राओं ने फीस जमा कर सत्यापन कराया है। इनकी कक्षाएं 22 नवंबर से द्वितीय कैंपस में सुबह 8 से दो बजे तक संचालित होंगी। फैकल्टी के डीन एवं प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. नवीन खरे ने बताया कि डिप्लोमा में थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल भी कराए जाएंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लवी को बेस्ट गर्ल स्टूडेंट का मेडल

लविवि : चांसलर समेत अन्य 12 मेडल घोषित, विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 26 नवंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस क्रम में विवि प्रशासन ने शनिवार को चांसलर, चक्रवर्ती व वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के अलावा 12 अन्य मेडल की सूची जारी की। इसके अनुसार एमएससी मैथ्स की लवी शुक्ला (93.7 फीसदी) को बेस्ट गर्ल स्टूडेंट और पीजी में बेस्ट स्टूडेंट को दिए जाने वाला चांसलर सिल्वर मेडल दिया जाएगा। चांसलर, चक्रवर्ती व वाइस चांसलर गोल्ड मेडल की घोषणा पूर्व में हो चुकी है।

उक्त के अलावा दीक्षांत समारोह में 10 विद्यार्थियों को चांसलर ब्रांज मेडल भी दिए जाएंगे। इसमें बीए फाइनल ईयर की छात्रा इकरा रिजवान वारसी व अभिनव कुमार वर्मा, बीएससी फाइनल ईयर के मोहम्मद अयूब अहमद व कुलदीप कुमार पटेल, बीकॉम फाइनल ईयर की दिशा मिश्रा व सुहानी कान्याल, बीएफए फाइनल ईयर के विनय सिंह व श्रद्धा पांडेय और एलएलबी फाइव ईयर के पुनीत देशवाल व एलएलबी थ्री ईयर की प्रियंवदा शुक्ला शामिल हैं।

इन्हें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रहीं राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल व विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश कुमार शर्मा द्वारा मेडल प्रदान किए जाएंगे। विवि प्रशासन ने बताया है कि पुरुष शिक्षक, अधिकारी व प्राधिकारी सदस्य बंद गले का कोट (काला), पैंट व काला जूता, महिला शिक्षक अधिकारी व प्राधिकारी सदस्य के लिए क्रीम सिल्क साड़ी, छात्र मैरून कुर्ता, चूड़ीदार क्रीम कलर का पैजामा, अंगवस्त्र पहनेंगे। वहीं छात्राएं मरून साड़ी व कुर्ता, चूड़ीदार क्रीम कलर का सलवार पहनेंगी। विद्यार्थी 25 नवंबर को निर्धारित शुल्क जमाकर अंगवस्त्र व अन्य परिधान प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अंगवस्त्र/परिधान प्रॉक्टर कार्यालय के बगल स्थित कक्ष संख्या 5-6 से बंटेंगे। अंगवस्त्र के लिए 350 व परिधान के लिए 450 रुपये कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा।

गरीब बच्चों, लड़कियों की शिक्षा के लिए करूंगी काम

मैंने देखा है कि आर्थिक दिक्कतों के कारण काफी गरीब बच्चों को अपना लक्ष्य छोड़कर रोजी-रोजगार के चक्कर में लगना पड़ता है। इसी तरह काफी लड़कियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। इसे देखते हुए मैंने सोचा है कि एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में इनकी बेहतरी के लिए प्रयास करूंगी। लविवि से एमएससी करके अभी दिल्ली से यूपीएससी की तैयारी कर रही हूं। मूल रूप से खीरी निवासी हूं। पिता संजय शुक्ला बिजनेसमैन और मां सरिता शुक्ला गृहिणी हैं। - **लवी शुक्ला**, एमएससी, बेस्ट गर्ल्स स्टूडेंट, बेस्ट पीजी स्टूडेंट सिल्वर मेडल

दीक्षांत में पहली बार देंगे पीजी डिप्लोमा सर्टिफिकेट

लखनऊ। लविवि प्रशासन इस बार अपने दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी देगा। यह डिप्लोमा पीजी के उन दो विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने एक साल पूरा होने पर ही एग्जिट लिया है। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में शिक्षकों की किताबों का विमोचन भी कराया जाएगा। लविवि परास्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने वाला देश का पहला विवि है। विवि ने अपने यहां सत्र 2020-21 में ही पीजी में एनईपी लागू कर दी है। इसके तहत विद्यार्थियों को मल्टीपल एग्जिट का विकल्प दिया गया है। विद्यार्थी चाहे तो एक साल में पीजी डिप्लोमा लेकर जा सकता है। वहीं दो साल की पढ़ाई पूरी होने पर उसे डिग्री मिलेगी। इस क्रम में एक साल की पढ़ाई पूरी होने पर दो विद्यार्थियों ने एग्जिट लिया है। इसमें बायोकेमिस्ट्री विभाग का छात्र मोहम्मद खालिद जमाली व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के मोहित पुनेठा शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इन छात्रों को दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों डिप्लोमा का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके माध्यम से विवि अपने विद्यार्थियों को यह संदेश देना चाहता है कि किसी कारण से अगर उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी तो यह उनके लिए समस्या का विषय नहीं होगा। विद्यार्थी फ्लैक्सिबल एंट्री व एग्जिट का विकल्प ले सकते हैं। इसी क्रम में नए सत्र 2021-22 में स्नातक स्तर पर भी एनईपी लागू कर दी गई है। अब इसके विद्यार्थी भी फ्लैक्सिबल एंट्री व एग्जिट का लाभ ले सकेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 2 & 4

एलयू दीक्षांत के लिए 25 से मिलेगी ड्रेस

lucknow@inext.co.in

लखनऊ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह के लिए तैयारियां तेज

LUCKNOW (20 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह के लिए शिक्षकों, अधिकारियों और स्टूडेंट्स की यूनिफॉर्म वितरण का काम 25 नवंबर को होगा. यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से शनिवार को इसके संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं. रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अंगवस्त्र के लिए 350 रुपए एवं कुर्ता पैजामा के लिए 450 रुपए कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा. इनमें 150 रुपए काटने के बाद बाकी पैसे वापस हो जाएंगे. अंग वस्त्र और परिधान प्रॉक्टर ऑफिस के रूम नंबर पांच व छह आवंटित किए जाएंगे.

शिक्षक और अधिकारियों की ड्रेस

बंद गले का काला कोट, पैंट और जूते. महिला अधिकारियों एवं शिक्षकों के लिए क्रीम कलर की सिल्क की साड़ी (गोल्डन बार्डर सहित), क्रीम ब्लाउज व काला जूता.

स्टूडेंट्स के लिए ड्रेस

ब्वॉयज के लिए महरून कुर्ता, चूड़ीदार (क्रीम कलर) पैजामा, काला जूता और क्रीम कलर का अंगवस्त्र. गर्ल्स के लिए महरून रंग की साड़ी (गोल्डन बार्डर सहित), या महरून कुर्ता (चुन्नी/हिजाब के साथ), सलवार (चूड़ीदार क्रीम कलर) और क्रीम कलर का अंगवस्त्र गोल्डन बार्डर के साथ.

यूनिवर्सिटी में फॉर्मेसी की क्लास सोमवार से

lucknow@inext.co.in

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया टाइम टेबल

LUCKNOW (20 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी डिप्लोमा इन योग, बैचलर ऑफ फॉर्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी की पढ़ाई 22 नवंबर से शुरू होगी. शनिवार को डिपार्टमेंट ने क्लासेस के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया. एलयू के सीतापुर रोड स्थित सेकंड कैंपस में इसी सेशन से बीफॉर्मा और डीफॉर्मा कोर्स शुरू हुआ है. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साईसेज के डायरेक्टर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीफार्मा में 100 सीटों के सापेक्ष 69 स्टूडेंट्स ने अपना डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराते हुए फीस जमा की है. डीफार्मा में 60 के सापेक्ष 40 सीटों पर एडमिशन हो चुका है. इनकी क्लासेस 22 नवंबर सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी.

डायरेक्ट एडमिशन का मौका

डायरेक्टर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी के मुताबिक बीफार्मा में एकेटीयू की ओर से दो राउंड की काउंसलिंग बाकी है. जो सीटें खाली रह जाएंगी, उन पर डायरेक्ट एडमिशन लिए जाएंगे. इसके लिए 55 आवेदन आ चुके हैं. 22 नवंबर तक ऑनलाइन फार्म भरने का मौका है. आवेदनों के बाद मेरिट तैयार कर 26 नवंबर को जारी किया जाना प्रस्तावित है. चौथी मेरिट में चयनित कैंडीडेंट्स के पास 21 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका है.

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू दीक्षांत: शिक्षक काला कोट, छात्र पहनेंगे कुर्ता-पायजामा

तैयारी

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के 26 नवम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गईं। रविवार को भी कर्मचारियों को तैयारी पूरी करने के लिए आना होगा। दीक्षांत समारोह में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों के साथ ही शामिल होने वाले अतिथि किस परिधान में होंगे ये तय कर दिया गया है।

मंच पर शामिल होने वाली विभूतियों में कुलाधिपति क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड महरून जरदोजी, कुलपति गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी, मुख्य अतिथि डल ऑरेंज सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी, मानद उपाधि पाने वाले



नेवी ब्लू सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी एवं कुलसचिव हरे कपड़ों पर गोल्ड जरदोजी परिधान धारण करेंगे।

छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पायजामा, काला जूता, क्रीम कलर सॉटन पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर की एवं महरून रंग की भीतर बार्डर पट्टी पहनेंगे। छात्राओं को महरून साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ या महरून कुर्